48

# बिहार सरकार
## ग्रामीण कार्य विभाग
### सकारण आदेश

सकारण आदेश संख्या–14/अ0प्र0–14–173/2025 1561 /पटना, दिनांक– 6.2.26

संवेदक अभिषेक कुमार राय (निबंधन संख्या–280/2008), **Add:- At-Station Road Bettiah, Ward No.-36 Near Rai Janch Ghar, P.O+P.S-Bettiah, Dist-East Champaran Bihar Pincode 845435** को कार्य प्रमंडल, बेतिया के अधीन **PMGSY** योजनान्तर्गत नवलपुर सिरकहिया से सिसवा पथ (**Package No. BR-37R-104**) पथ निर्माण कार्य हेतु एकरारनामा किया गया। एकरारनामा संख्या:– **01-SBD/2008-09** के अनुसार कार्य प्रारम्भ की तिथि 12.12.2008 एवं कार्य समाप्ति की तिथि 11.12.2009 था।

संदर्भित पथ में **NQM** द्वारा लगाये गये **ATR** का निराकरण हेतु में कार्यपालक अभियंता, ग्रामीण कार्य विभाग, कार्य प्रमंडल, बेतिया द्वारा संवेदक को निदेशित किया गया। परन्तु संवेदक द्वारा **ATR** का निराकरण के बिन्दु पर कोई अभिरूची नहीं ली गयी। तदोपरान्त क्षेत्रीय कार्यालय के पत्रांक 750 दिनांक 26.10.2021 द्वारा उक्त एकारानामा को विखंडित कर दिया गया। विखंडन के पश्चात् **Empowered Standing Committe** के द्वारा विखंडन आदेश को **Set Side** करते हुए **NQM** द्वारा लगाये गये **ATR** का निराकरण किये जाने हेतु 15.03.2022 तक समय दिया गया।

**Empowered Standing Committe** द्वारा दिये गये समय के उपरान्त भी संवेदक द्वारा पथ में लगे त्रुटियों के सुधार हेतु कोई कार्रवाई नहीं की गई।

तद्‌लोक में कार्यपालक अभियंता, ग्रामीण कार्य विभाग, कार्य प्रमंडल, बेतिया के कार्यालय आदेश संख्या 32 दिनांक 06.01.2023 द्वारा उक्त एकरारनामा को पुनः विखंडित करते हुए संबंधित संवेदक के निबंधन को कालीसूची में सम्मिलित करने हेतु अनुशंसा की गयी।

उक्त अनुशंसा के आलोक में संबंधित संवेदक से स्पष्टीकरण की मॉग की गयी। संवेदक द्वारा अपना स्पष्टीकरण समर्पित नहीं किया गया।

तद्‌लोक में नोडल पदाधिकारी **PMGSY** द्वारा प्रतिवेदित किया गया कि **NQM,** श्री के0 जी0 मित्तल द्वारा दिनांक 18.04.2017 को निर्मित पथ पैकेज संख्या:– **BR-37R-104-Nawalpur Sirkahla-Siswa** जॉच की गयी जिसमें **Oveall Grading "Unsatisfactory"** प्रदान किया गया था। संवेदक द्वारा **ATR** निराकरण हेतु कोई कार्य नहीं किया गया।

तदोपरान्त कार्यपालक अभियंता, ग्रामीण कार्य विभाग, कार्य प्रमंडल, बेतिया द्वारा संदर्भित पथ के संवेदक अभिषेक कुमार राय के एकरारनामा को सकारण आदेश ज्ञापांक–32, दिनांक 06.01.2023 द्वारा विखंडित किये जाने के पश्चात् पुनरीक्षित प्राक्कलन तैयार कर बचे हुए कार्यो को पूर्ण करने हेतु निविदा की प्रक्रिया के पश्चात् दिनांक 17.11.2023 को सम्पन्न विभागीय निविदा समिति की बैठक में पैकेज संख्या **BR-37R-104- Nawalpur Sirkahla-Siswa** का कार्य न्यूनतम दर पर निविदाकार **Vicky Shukla** को परिमाण विपत्र की दर से 0.2 प्रतिशत कम दर पर आवंटित किया गया।

इससे स्पष्ट होता है कि संदर्भित पथ के कार्य को लंबित रखने के लिए संवेदक पूर्णतया दोषी है।

उपर्युक्त वर्णित तथ्यों के आलोक में विभागीय समीक्षोपरान्त बिहार ठीकेदारी निबंधन नियमावली, 2007 (ग्रामीण कार्य विभाग) की अधिसूचना संख्या–8123 दिनांक 19.12.2007 की कंडिका 11(क) (vi) एवं कंडिका 11(ख) (ii) के आलोक में संवेदक अभिषेक कुमार राय (निबंधन संख्या–280 / 2008), **Add:- At-Station Road Bettiah, Ward No.-36 Near Rai Janch Ghar, P.O+P.S-Bettiah, Dist-East Champaran Bihar Pincode 845435** के निबंधन संख्याः–280/2008 को अगले 03 (तीन) वर्षो के लिए कालीकृत (Blacklist) किया जाता है।

03.02.26
(जय किशोर ठाकुर)
अभियंता प्रमुख

ज्ञापांक–14 / अ0प्र0–14–173 / 2025 1561 / पटना, दिनांक– 6.2.26

निबंधित

प्रतिलिपि– संवेदक संवेदक संवेदक मगध कन्स0 प्रो0–रविन्द्र प्रसाद सिंह (निबंधन संख्या–1629 / 2012), **LIG 9/299,** हनुमान नगर, लोहिया नगर, पटना, पिन कोड–800020 को सूचनार्थ प्रेषित।

03.02.26
अभियंता प्रमुख

ज्ञापांक–14 / अ0प्र0–14–173 / 2025 1561 / पटना, दिनांक– 6.2.26

प्रतिलिपि–प्रधान सचिव / सचिव / अभियंता प्रमुख, पथ निर्माण विभाग / भवन निर्माण विभाग / जल संसाधान विभाग / लोक स्वास्थ्य अभियंत्रण विभाग / नगर विकास विभाग / उर्जा विभाग / कृषि विभाग, बिहार, पटना / पंचायती राज विभाग, बिहार, पटना / सभी मुख्य अभियंता, ग्रामीण कार्य विभाग / सभी अधीक्षण अभियता / सभी कार्यपालक अभियंता / सभी नोडल पदाधिकारी (मु0), ग्रामीण कार्य विभाग को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्रवाई हेतु प्रेषित।

03.02.26
अभियंता प्रमुख

ज्ञापांक–14 / अ0प्र0–14–173 / 2025 1561 / पटना, दिनांक– 6.2.26

प्रतिलिपि– सचिव के प्रधान आप्त सचिव, ग्रामीण कार्य विभाग, बिहार, पटना को सूचनार्थ प्रेषित।

03.02.26
अभियंता प्रमुख

ज्ञापांक–14 / अ0प्र0–14–173 / 2025 1561 / पटना, दिनांक– 6.2.26

प्रतिलिपि– प्रशाखा पदाधिकारी, प्रशाखा–14 एवं प्रशाखा में कार्यरत सभी सहायक को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्रवाई हेतु प्रेषित।

03.02.26
अभियंता प्रमुख

ज्ञापांक–14 / अ0प्र0–14–173 / 2025 1561 / पटना, दिनांक– 6.2.26

Website

प्रतिलिपि– आई0टी0 मैनेजर, ग्रामीण कार्य विभाग, पटना को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्रवाई हेतु प्रेषित। निदेश दिया जाता है इस पत्र को विभागीय वेबसाईट पर अपलोड करा दिया जाय।

03.02.26
अभियंता प्रमुख